Paper Name: Dainik Jagran,
Dated 08.04.2011,
Page No. 16

विश्व मैराथन चैम्पियन सुनीता गोदरा ने आईटीएस कालेज की छात्रा अदिति निगम को योगा के शानदार प्रदर्शन पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

Paper Name: Amar Ujala,
Dated 08.04.2011,
Page No. 06

World Health Day

शिक्षा के साथ खेल पर दें ध्यान

मुरादनगर, संस : दिल्ली-मेरठ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित आईटीएस डेंटल कालेज के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने दिल्ली स्थित ताल कटोरा स्टेडियम में बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रतिभाओं का जौहर दिखाया। विश्व मैराथन चैम्पियन सुनीता गोदरा ने आईटीएस कालेज की छात्रा अदिति निगम को योगा के शानदार प्रदर्शन पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आईटीएस डेंटल कालेज के मीडिया प्रभारी राजीव मल्होत्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार को ताल कटोरा स्टेडियम में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पूर्व आईएस अधिकारी डा. भूरे लाल ने कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान रखना चाहिए। संस्थान के उपाध्यक्ष अर्पित चड्ढा ने कहा कि आईटीएस के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित कराए जाते हैं जिससे आईटीएस के छात्र-छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भी सबसे आगे हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को खेलकूद को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने खेलकूद के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभाओं का जौहर दिखाया। जिसमें छात्रों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रशासनिक अधिकारी डी.एस. जौली सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

This document was created using SmartPDFCreator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

तालकटोरा स्टेडियम में रैली निकालते आईटीएस की स्टूडेंट्स।

आईटीएस के स्टूडेंट्स ने निकाली रैली

मुरादनगर। दिल्ली तालकटोरा स्टेडियम में स्वास्थ्य संचार सोसाइटी ने बृहस्पतिवार को आयोजित विश्व स्वास्थ्य दिवस में आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के स्टूडेंट्स ने शिरकत की। स्टूडेंट्स के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस डॉ. भूरे लाल ने सराहना की। इंस्टीट्यूट के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्लेसमेंट मैनेजर राजीव मल्होत्रा ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के आए स्टूडेंट्स को डॉ. भूरे लाल ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डीएस जौली भी मौजूद रहे।

This document was created with SmartPDFCreator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com